## एक नजर में

### जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर पालिक निगम की पहल

**मातृ दिवस पर मिट्टी से निर्मित गणपति कार्यशाला का आयोजन**

**खंडवा।** नगर पालिका निगम द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाव के उद्देश्य से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनने वाले गणपतियों के स्थान पर मिट्टी से गणपति बनाने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मातृ दिवस के विशेष अवसर पर रविवार को बड़ा बम महिला मंडल द्वारा जवाहर गंज बगीचे में मिट्टी से गणपति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों के निर्माण की विधि को सीखा। कार्यशाला में नगर पालिका निगम की ओर से दीपमाला कटारे ने प्रतिभागियों को मिट्टी से गणपति बनाना सिखाया। इस अवसर पर दीपमाला कटारे, उमा हिरवे एवं रवि शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। नगर पालिका निगम की यह पहल नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा पारंपरिक व प्राकृतिक तरीकों से त्योहार मनाने की प्रेरणा देती है।

### ग्राम पंचायत द्वारा कपड़े की थैलियों का वितरण

**नर्मदा नगर ।** नर्मदा नगर ग्राम पंचायत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्लास्टिक से बनी हुई अन्य सामग्रियों पर प्रतिबंध लगाए जाने पर ग्राम पंचायत द्वारा कपड़े की थैलियां का वितरण करते हुए सरपंच महेश जायसवाल, जनपद सदस्य रूपाली पारौची, ग्राम पंचायत पंचगण संतोष यादव, धर्मेंद्र, अखिलेश सेन, पुरषोत्तम राजपुत ,और साथियों के द्वारा नगर के नागरिकों,महिलाओं को बेग वितरण किया गया। ओर समझा कर,जन जागरण अभियान चलाया तथा व्यापारियों को भी प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की समझाइए दी गई ।और आने वाले समय में उपयोग करने पर 500रू . से 5000 रू . जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

### नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों की संख्यात्मक जानकारी

**खंडवा।** नेशनल लोक अदालत हेतु खण्डवा मुख्यालय में 14 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय हरसूद में 2 एवं पुनासा न्यायालय में 01 खण्डपीठ खण्डपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार कुल 17 खंडपीठों के द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निरकारण किया गया। जिसमें कुटुम्ब न्यायालय में कुल 04 वैवाहिक प्रकरण का निराकरण हुआ व पराकम्य लिखित अधिनियम के 64 प्रकरण में राशि रूपए 1 करोड़ 67 लाख 01 हजार छः सौ उन्चालीस रूपए राशि का अवार्ड एवं 115 आपराधिक व 05 श्रम न्यायालय प्रकरणों में राजीनामा हुआ तथा न्यायालय में लंबित विद्युत के 24 प्रकरण में एवं अन्य सिविल प्रकरण 04 तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंकों के 78 प्रकरण में रूकी हुई वसूली के रूप में 10 करोड़ 36 लाख 64 हजार पाँच सौ सत्तावन रूपए राशि की वसूली हुई तथा बिजली बिल के 85 प्रकरणों में 9 लाख 69 हजार रूपए की वसूली हुई तथा वाटर बिल के 582 प्रकरण में 18 लाख 63 हजार 5 सौ सत्तावन रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 239 प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण होकर 2 करोड़ 86 लाख 85 हजार पांच सौ रूपए राशि का अवार्ड एवं प्रीलिटिगेशन के कुल 745 प्रकरणों में राजीनामा होकर कुल राशि रूपये 10 करोड़ 36 लाख 64 हजार पाँच सौ सत्तावन रूपए की वसूली हुई।

### सद्भावना मंच ने मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा मंच कार्यालय पर मदर्स डे के उपलक्ष्य में और मातृ शक्ति के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि मां का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद तुल्य है। मां का आशीर्वाद ऐसा सुरक्षा कवच है, जो हमें आने वाली समस्त परेशानियों से बचाता है। श्री जैन ने कहा कि मां सिर्फ एक शब्द ही नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड की सबसे पवित्र भावना और त्याग की प्रतिमृति है। जब कभी भी यह शब्द हमारे कानों में गूंजता है, तो उसमें प्रेम, त्याग, बलिदान और अनंत स्नेह की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। माँ की ममता किसी भी परिभाषा से परे होती है, क्योंकि वह नि :स्वार्थ प्रेम का सबसे सुंदर उदाहरण होती है। माँ से ही मानव की उत्पत्ति हुई है और उन्हीं के अस्तित्व से सृष्टि का अस्तित्व जुड़ा होता है। मां अपने बच्चों को ऊंचाइयों पर देख कर हर्षित होती है। कमल नागपाल ने कहा कि सबसे बड़ा धनवान वही है, जिनके पास मां है। अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में कराओके संगीत के साथ एक शाम मां के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ, साथ ही काव्य गोष्ठी भी रखी गई। इस अवसर पर सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, जगदीश चंद चौरे, सुरेन्द्र गीते, त्रिलोक चौधरी, गणेश भावसार, कमल नागपाल, ओम पिल्ले, एन के दवे, राधेश्याम शावय, महेश मूलचंदानी, धीरज कुमार नेगी, नारायण फरकले, अंतिम शुक्ला, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि उपस्थित रहे। कई सदस्यों ने मां पर केंद्रित गीत प्रस्तुत किए।

### जिला चिकित्सालय में मुस्कान कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**खंडवा ।** म.प्र. शासन के दिशा निर्देशानुसार खंडवा में शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन.क्यू.ए.एस.) के अनुसार संचालित करने हेतु श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा के सिविल सर्जन कक्ष में एस.एन.सी.यू, पी.आई.सी.यू, पीडियाट्रिक वार्ड, पीडियाट्रिक ओ.पी.डी, एवं एन.आर.सी.के एमओ इंचार्ज एवं सिस्टर इंचार्ज की बैठक सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उनके द्वारा मुस्कान कार्यक्रम की समीक्षा कर बताया कि नेशनल एसेसमेंट के पूर्व सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्ड की चेक लिस्ट भरें, जो कमियां है उसकी डिमांड बनाकर दें, ताकि नेशनल मुस्कान कार्यक्रम के एसेसमेंट की तैयारी की जा सके। डॉ. भूषण बांडे शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों को एन.आर.सी.में भर्ती करने के मापदंडों की जानकारी देते हुए एम.यू.ए.सी. नाप, ऊंचाई, वजन एवं कुपोषित बच्चों को पहचानने संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में डॉ. कृष्णा वास्केल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. हेमंत गर्ग शिशु रोग विशेषज्ञ, आर.एम.ओ. डॉ.एम.एल.कलमे, डॉ. सुजीत वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डमी "बुजुर्ग दंपत्ति" को मशक्कत के बाद निकाला, स्ट्रेचर पर लेटाया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले की आंतरिक सुरक्षा को देखते हुए हर महत्वपूर्ण विभाग अपने संसाधनों को अपडेट कर रहा है। वह हर स्थिति में विभीषिका से निपटने को तैयार हैं। उनके जो कर्तव्य हैं, वह पूरा करने में जरा भी देर नहीं करते।**

इसी को देखने के लिए नगर निगम खंडवा ने बड़ा माक-ड्रिल किया। इसमें कंट्रोल रूम प्रमुख भूमिका में था। उपायुक्त ने निगम के सभी विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों को मैसेज किया कि वाटर वर्क्स (पुराना) में एक बुजुर्ग दंपत्ति फंसे हुए हैं। सभी अपने संसाधन लेकर पहुंचें और इन्हें निकालें।

### जेसीबी से रास्ता बनाया

बिजली के तार अवरोध बना रहे थे उन्हें सप्लाई बंद करके काटा गया। फिर शुरू हुआ दीवार ढहाने का काम। बुजुर्ग दंपत्ति के रूप में दो पुतले बनाए गए थे। लोग देखते रह गए कि यहां हो क्या रहा है? नगर निगम के हर विभाग ने अपने भूमिका मुस्तैदी से निभाई।

### मॉक ड्रिल की शुरुआत कंट्रोल रूम से

एक आपातकालीन कॉल प्राप्त होने से हुई, जिसमें सूचित किया गया कि जलकार्य विभाग के पीछे स्थित भवन में पति-पत्नी (डमी बॉडीज़) फँसे हुए हैं। उपायुक्त एस. आर. सिटोले द्वारा वायरलेस के माध्यम से तत्काल निर्देश जारी किए गए। सूचना मिलते ही पूरी टीम निर्धारित उपकरणों के साथ त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँची।

### यातायात रोककर राहत कार्य किया

भवन के भीतर प्रवेश का रास्ता बाधित होने के कारण जेसीबी की सहायता से मार्ग बनाया गया। बिजली के तारों से किसी प्रकार की क्षति न हो, इसके लिए विद्युत विभाग से समन्वय कर तत्काल क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई। एंबुलेंस से स्ट्रेचर निकालकर दोनों डमी बॉडीज़ को सावधानीपूर्वक अस्पताल पहुँचाया गया। अंतिम चरण में आग बुझाने की कार्रवाई की गई।

### 35 अफसर व कर्मियों की जंबो टीम

इस अभ्यास में उपायुक्त के अतिरिक्त तहसीलदार, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे, प्रभारी बाज़ार अधिकारी प्रकाश राजपूत, सहायक लाइब्रेरियन सापन जैन, उपयंत्री भूपेंद्र बीसेन, संजय शुक्ला, मनीष झीले, प्रशांत पचौरे, आदर्श शर्मा, सर्वेश मिश्रा, राकेश कलाम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खंडवा अस्पताल में 60 यूनिट ब्लड की रोज खपत, एक दिन में रोटरी क्लब ने 23 यूनिट ब्लड संग्रहित किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खंडवा में मेडिकल कॉलेज खोलने के बाद ब्लड की खपत में बढ़ोतरी हुई है। पहले ही 60 यूनिट ब्लड रोजाना लगता था। अब और बढ़ गया है। लगातार ब्लड की कमी हो रही है। इसे दूर करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन खंडवा के स्टेडियम में रविवार को किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी क्लब और डॉक्टर उपस्थित थे।

श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़ द्वारा गुरू गोविंद सिंह स्टेडियम खंडवा में जिला चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसका पहला शिविर रविवार को प्रात: 6 बजे से आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत एवं सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि ब्लड बैंक में प्रति दिन लगभग 60 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है। अभी रक्तदान में कमी आई है, इसलिए रक्तदान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। वर्तमान शिविर में रविवार को 23 यूनिट ब्लड लोगों ने डोनेट किया जिसे एकत्रित किया गया।

रोटरी क्लब खंडवा निमाड़ के अध्यक्ष सुशील मंडलोई, सचिव अतुल अत्रिवाल , कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सुभाष मेहता, सुनील बंसल, संजीव मंडलोई, गोविंद शर्मा, पंकज शर्मा, हर्ष शर्मा, मनोज मित्तल ,कंचन अत्रिवाल, लोकेश झंवर, सक्षम अत्रिवाल द्वारा रक्तदान किया गया।

जिला चिकित्सालय की टीम जिसमें डॉ. प्रांजलि, डॉ. विशाल श्रीवास्तव, काउंसलर पूजा रैकवार, वर्षा वाडिया नर्सिंग ऑफिसर द्वारा सेवाएं दीं। ब्लड प्रेशर और शुगर की जाँच नि:शुल्क की गई। शिविर में कुल 23 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रोटरी मंडल के महासचिव लोकेश झंवर ने बताया कि क्लब जिला अस्पताल के सहयोग से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करता रहेगा।




# बुद्ध पूर्णिमा के एक दिन पूर्व 50 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन किए

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर । ज्योतिर्लिंग तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में वैशाख मास की बुद्ध पूर्णिमा के एक दिन पूर्व रविवार को करीब 50000 हजार से भी अधिक भक्तों ने दर्शन कर लाभ लिए। प्रात: काल से ही भक्तों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी भजन करती हुई मंडलिया भी देखने को मिली।**

ग्रामीण क्षेत्र के हजारों भक्त प्रतिदिन आते हैं और मां नर्मदा के स्नान और भगवान ओंकारेवर जी के दर्शन लाभ लेते हैं । वैशाख मास का आज सोमवार पूर्णिमा अंतिम दिन है । आज बुद्ध पूर्णिमा है करीब 50 से 60 हजार भक्तों के आने की संभावना है। मौसम में ठंडक देखी जा रही है मंदिर मैं दर्शनों की व्यवस्था अच्छी रही। प्रशासन के पुख्ता प्रबंध रहे।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बड़े घटनाक्रम पर होने वाले इंतजाम परखे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** रविवार अवकाश जैसी स्थिति के बावजूद मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खण्डवा में आपात स्थितियों के कारण किसी भी आकस्मिकता से निपटने की बड़ी तैयारी दिखाई दी। ऐसा लग रहा था जैसे युद्ध जैसे हालातों के मरीज इसी चिकित्सालय में आने वाले हों। कोई बड़ी घटना हो गई हो।

**ब्लड, दवा और रेफरल सेवाएं परखीं**

यहां सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। बिस्तरों की क्षमता, उपलब्ध मानव संसाधन, रेफरल सेवाएं, परीक्षण क्षमताएं, चिकित्सीय उपकरणों की सक्रियता, पर्याप्त बल्ड व्यवस्था, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, लॉजिस्टिक की उपलब्धता, टेलीमेडिसिन सेवाओं की उपलब्धता जैसे महत्वपुर्ण बिंदुओं की क्रियाशीलता देखी गई।

**डॉक्टरों की जंबो टीम पहुंची**

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, आर.एम.ओ. डॉ. एम. कलमे, अधीक्षक डॉ. रंजीत बड़ोले, डॉ. पंकज जैन , डॉ. अनंत पवार, डॉ. नितिन कपूर, सर्जन डॉ. रिंकू यादव, डॉ. सुजीत वर्मा, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. योगेश शर्मा व चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित थे।

# उड़नखटोला ग्रुप द्वारा मातृत्व दिवस पर नारी सम्मान

**नवभारत न्यूज**

***खंडवा। पौराणिक वेद, आध्यात्मिक, सामाजिक युगों से मातृत्व प्रेम को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। वर्तमान परिवेश में "माँ" के विभिन्न कार्यरूप एवं दक्षता पर उड़नखटोला ग्रुप द्वारा "नारी सम्मान" कार्यक्रम के तहत व्याख्यान रखा गया।***

उड़नखटोला ग्रुप के आनंद जोशी, राकेश पाराशर एवं रत्नेश राजवैद्य ने बताया कि ग्रुप यह आयोजन लगभग 10 वर्षों से निरंतर आयोजित कर रहा है । मां सरस्वती का पूजन वंदन छाया पाराशर, तनुजा जोशी, सुदीपा पाराशर एवं वंदना गुप्ता ने किया । नेहा सोनी, नीलम मैथिल, संध्या पहारे एवं सतनाम कौर ने मातृत्व प्रेम पर रचनाएँ प्रस्तुत कीं ।

मुख्य अतिथि सेंट पाल अकादमी खंडवा के बीएड कॉलेज प्राचार्य पीनेंद्र गुप्ता एवं अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय रेल सेवा के सेवानिवृत्त लोको पायलट संजय पाराशर ने मातृत्व दिवस पर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह् दे कर सभी का नारी सम्मान किया।

इस अवसर पर मुकेश मैथिल, अमरजीत सिंह सलूजा, दिनेश पहारे, चन्द्रशेखर सोनी आदि उपस्थित रहे। संचालन सुदीपा पाराशर ने किया। आभार छाया राकेश पाराशर द्वारा व्यक्त किया गया ।

**व्याख्यानमाला** आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन में घटित घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए

# श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन रविवार को श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया।**

नारायण फरकले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।

मुख्य वक्ता संतोष तिवारी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सेन अनिल चारोले, जनपद सदस्य मगन बर्ड, जिला समन्वयक जगदीश पटेल, ब्लाक समन्वयक राजकुमार मालाकार आदि मंचासीन थे। मुख्य वक्ता श्री तिवारी ने आदिगुरु शंकराचार्य के बाल्यकाल एवं जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य गुरु की तलाश में अकेले ही निर्जन वनों पहाड़ी इलाकों, नदियों और, विशाल पर्वतों को लांघा और मुनियों से निर्देश लेकर नर्मदा के तटों को सूंघते हुए ओंकारेश्वर पहुंचे थे।

प्राकृतिक अवरोधों पर विजय प्राप्त की नर्मदा परिक्रमा वासी बनकर ओम्कारेश्वर में अपनी यात्रा स्थगित की क्योंकि उनके गुरु गोविंद पादाचार्य का आश्रम नर्मदा तट पर था। उन्होंने समुचे भारत की एकात्मकता का सपना देखा था। संपूर्ण देश के चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। उनका लक्ष्य था आत्म तत्व की खोज आत्मतत्व के दर्शन मात्र से आदि शंकर भारतीय समाज के दर्पण बन गये।

जिला समन्वयक श्री पटेल ने भी आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन में घटित घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारतीय समाज को ज्ञान से आलोकित करने की ललक थी।12 वर्ष की सुकुमार अवस्था में ही शंकर को आत्म ज्ञान हो गया था। गुरु गोविंद पादाचार्य द्वारा संन्यास, वेदान्त सूत्र एकात्म दर्शन की शिक्षा दीक्षा ली। चार वर्षो के अंतराल में गुरु ने अपने शिष्य को जगत गुरु बना दिया। जन अभियान परिषद के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी दी।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन संस्थाओं के पदाधिकारी नारायण फरकले, मनोज वर्मा, राम वर्मा, नितेश पाल, धनपाल सोलंकी विवेक सारशर सहित समाज कार्य के मेंटर्स राहुल राठवे, लल्लू सिंह सोलंकी, दिलावर सोनरिश, आशीष पटेल, समाज कार्य के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मालाकार ने किया एवं आभार मेंटर श्रद्धा गुप्ता ने माना।